**बृहस्पतिवार**

19 मई 2022




**पृष्ठ 4**

**सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं आपकी आंखें**



**पृष्ठ 5**

**कार्तिक-कियारा ने लिया गुजराती थाली का मजा**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 108
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


**आज का विचार**

किताबें ऐसी शिक्षक हैं जो बिना कष्ट दिए, बिना आलोचना किए और बिना परीक्षा लिए हमें शिक्षा देती हैं।

— अज्ञात

# यमुनोत्री हाईवे पर फंसे तीन हजार यात्री

विशेष संवाददाता

उत्तरकाशी। चार धाम यात्रा पर हावी अव्यवस्थाओं और मौसम की विसंगतियों के बीच फंसे यात्रियों को हर रोज नई-नई समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। यमुनोत्री राजमार्ग पर स्यानाचट्टी और रानाचट्टी के बीच 15 मीटर सड़क का हिस्सा सुरक्षा दीवार ढहने के कारण धंस गया जिससे इस मार्ग पर यातायात बाधित होने से लगभग तीन हजार यात्री फंस गए हैं। वही यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने के लिए हरिद्वार में रजिस्ट्रेशन बंद किए जाने से बाहर से आने वाले श्रद्धालु निराश होकर वापस लौटने पर मजबूर है।

राज्य में प्री मानसूनी बारिश का असर अब चार धाम यात्रा पर दिखने लगा है। बारिश के कारण यमुनोत्री राजमार्ग पर बीते कल से स्याना चट्टी और राना चट्टी के बीच सुरक्षा दीवार ढह गई जिसके कारण सड़क का 15 मीटर हिस्सा नीचे धंस गया। कुछ समय छोटे वाहनों की आवाजाही रही लेकिन खतरे के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इस मार्ग



**❑सड़क का 15 मीटर हिस्सा धंसा, यातायात ठप**
**❑पंजीकरण न होने से निराश यात्री बैरंग लौटे**

पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी अब पहाड़ को काटकर रास्ता बनाने में जुटे हैं लेकिन यमुनोत्री से लौटने और जाने वाले तीन हजार यात्री और सैकड़ों वाहन यहां फंस गए हैं जो सड़क मार्ग खुलने पर ही निकल सकेंगे। सवाल यह है कि जब प्री मानसूनी बारिश में चार धाम मार्गों की यह हालत है तो मानसूनी सीजन में क्या हाल होगा? खास बात यह है कि इन यात्रियों को निकाले जाने का कोई वैकल्पिक मार्ग भी नहीं है।

बिना किसी पाबंदी के यात्रा पर आने का सभी को न्योता देने वाली उत्तराखंड सरकार को अब अधिक संख्या में चार धाम आने वाले यात्रियों के कारण नियमों में संशोधन करना पड़ रहा है। पहले पंजीकरण को अनिवार्य किया गया और अब पंजीकरण को बंद कराकर यात्रियों को वापस लौटाया जा रहा है। हरिद्वार में बनाए गए दोनों पंजीकरण केंद्रों पर अब 25 मई तक रजिस्ट्रेशन फुल होने के बोर्ड लगा दिए गए हैं। देश के दूसरे राज्यों से आने वाले यात्री अब रजिस्ट्रेशन न किए जाने के कारण हरिद्वार से ही निराश होकर लौट रहे हैं। इन यात्रियों का कहना है कि सरकार को यात्रियों के लिए पहले से कोई स्पष्ट दिशानिर्देश न दिए जाने के कारण परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। उनका कहना है कि सरकार को यात्रियों की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए। लोग हजारों किलोमीटर दूर से यात्रा करके आ रहे हैं और बिना दर्शन किए ही उन्हें वापस जाना पड़ रहा है, यह ठीक नहीं है।

# पुलिस अधिकारी पूरे समय ऑफिस में रहें: डीजीपी

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बीते कल आरटीओ में की गई सख्त कार्रवाई का असर अब अन्य तमाम सरकारी महकमों में भी दिखने लगा है। डीजीपी अशोक कुमार ने आज इस आशय का एक निर्देश जारी करते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को अनिवार्य रूप से ड्यूटी पीरियड में अपने कार्यालयों में रहने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं कई अन्य सरकारी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर ड्यूटी पहुंचते देखे गए।

पुलिस मुख्यालय से आज पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने एक लिखित आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को 10 बजे से 6 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालयों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। वही सभी एसएसपी कार्यालयों को भी कहा गया है कि वह 10 से 5 तक ऑफिस में उपलब्ध रहें। अपरिहार्य स्थिति में अगर वह कहीं जाने वाले हैं तो इसकी सूचना बड़े विभागीय अधिकारियों को जरूर दें। निर्देशों में



**❑ड्यूटी कार्य से बाहर जाने की देनी होगी सूचना**
**❑जिलों के अधिकारियों को भी करना होगा पालन**

स्पष्ट कहा गया है कि निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अशोक कुमार का कहना है कि मुख्यालय 24 आवर यूं तो काम करता है लेकिन दिन में अधिकारियों की 10 से 6 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य होगी। एसएसपी और एसपी पदों पर कार्यरत अधिकारी किसी विभागीय कार्य से दफ्तर से बाहर जाते हैं तो इसकी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने नवजोत सिंह सिद्धू को सुनाई एक साल जेल की सजा

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को देश की सर्वोच्च अदालत से बड़ा झटका लगा है। १९८८ के रोडरेज केस में सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धू पर फैसला बदलते हुए अब उन्हें एक साल जेल की सजा सुनाई है। पंजाब–हरियाणा हाई कोर्ट ने सिद्धू को गैर इरादतन हत्या में तीन साल कैद की सजा सुनाई थी जबकि सुप्रीम कोर्ट ने गैर इरादन हत्या में बरी कर दिया था। रोडरेज का यह मामला साल १९८८ का है जब पार्किंग को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें ६५ साल के शख्स की मौत हो गई थी। जहां निचली अदालत ने १९९९ में सिद्धू को बरी कर दिया था लेकिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने फैसला पलटते हुए सिद्धू को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया। हाईकोर्ट ने सिद्धू को ३ साल की सजा सुनाई थी लेकिन २०१८ में सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धू को बरी किया था। २०१८ में सुको ने १,००० रुपये के जुर्माने बरी किया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने १ साल की सजा सुनाई है।


२७ दिसम्बर १९८८ को सिद्धू और उनके दोस्त रुपिंदर सिंह संधू की पटियाला में कार पार्किंग को लेकर गुरनाम सिंह नाम के बुजुर्ग के साथ कहासुनी हुई और झगड़े में गुरनाम की मौत हो गई। सिद्धू और उनके दोस्त रुपिंदर सिंह संधू पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया। पंजाब सरकार और पीड़ित परिवार की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया था।

# पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के आए 2364 नए केस, 10 मरीजों की हुई है मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामलों में कई दिनों से राहत जारी है। हालांकि आज कल के मुकाबले ५३५ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं। बता दें कि, कल १,८२९ मामले सामने आए थे। वहीं देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर १५ हजार ४१९ रह गई है।

देश में पिछले २४ घंटे में २ हजार ३६४ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की सख्या ४,३१,२९,५६३ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के २,३६४ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, १० और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर



५,२४,३०३ हो गयी है। इसके अलावा देश में कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर १५,४१९ हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में २२८ की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ९८.७५ प्रतिशत है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण की दैनिक दर ०.५० प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.५५ प्रतिशत है। देश में अब तक कुल ४,२५,८९,८४१ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड–१९ से मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१९ रोधी टीकों की १९१.७९ करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

देश में सक्रिय केस में २२८ की कमी आई है और इनकी संख्या ये १५,४१९ हैं। देश में महामारी से १० और मौतों के साथ कुल मौतें ५,२४,३०३ हो गई है। गुरुवार को २३६४ नए संक्रमित मिले, इन्हें मिलाकर देश में कोविड मरीजों की कुल संख्या ४,३१,२९,५६३ हो गई है।बीते तीन दिनों के मौत के आंकड़ों को देखें तो इनमें भी तेज घट–बढ़ हो रही है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सरकारी सिस्टम की बीमारी

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी दून के आरटीओ दफ्तर का औचक निरीक्षण किया और लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। आरटीओ दफ्तर की कार्यप्रणाली किसी से छिपी नहीं है हर आम आदमी इससे वाकिफ है क्योंकि हर एक आदमी का इस दफ्तर से काम पड़ता है। यहां कोई भी काम सीधे-सीधे नहीं होता है बिना दलालों की सहायता के यहां कोई भी काम आसान नहीं है अगर इस दफ्तर को दलालों का अड्डा कहा जाता है तो वह बेवजह नहीं है। लीगल-इललीगल किसी भी काम को दलालों के माध्यम से आप बिना किसी परेशानी के करा सकते हैं। हर एक दलाल आपको आपके काम के लिए ली जाने वाली धनराशि के साथ यह जरूर बता देगा कि इसमें इतने रुपए तो उसे बाबू को ही देने पड़ेंगे। इन दलालों और आरटीओ कर्मचारियों की ऐसी सांठगांठ है कि जो काम आम आदमी महीनों चक्कर काट कर भी नहीं करा सकता वह काम यह चुटकी बजाते ही करवा देते हैं। मुख्यमंत्री धामी अगर दिनेशचंद्र पठोई को सस्पेंड करके या 25 कर्मचारियों का वेतन रोक कर यह सोचे बैठे हैं कि अब सब कुछ ठीक हो जाएगा तो यह उनकी एक बड़ी भूल या मुगालता ही है। पठोई की तैनाती जब पहाड़ में थी तब उनके खिलाफ ऐसी ही कुछ कार्रवाई हुई थी लेकिन अब वही पठोई लंबे समय से राजधानी दून में आरटीओ की कुर्सी पर जमे बैठे हैं। भले ही सीएम ने उन्हें सस्पेंड किया हो और आज दूसरे दिन वह दफ्तर पहुंच गए। रही बात यहां के कर्मचारियों और दलालों की मुख्यमंत्री की कार के आरटीओ दफ्तर से निकलते ही यहां सारी गतिविधियां सामान्य दिनों जैसी ही देखी गई। आरटीओ दफ्तर में ऐसी कार्रवाई कोई उनके लिए खास बात नहीं है। इससे पूर्व कांग्रेस सरकार में परिवहन मंत्री रहे स्वर्गीय सुरेंद्र राकेश ने भी तत्कालीन आरटीओ को हटा दिया गया था। अभी कुछ समय पूर्व आरटीओ दफ्तर के दलालों पर विजिलेंस ने फर्जी बीमा कराने के मामले में कार्रवाई की थी जिसमें कुछ दलालों को हिरासत में भी लिया गया था लेकिन उनकी दुकानें अभी भी चल रही है। मुख्यमंत्री ने भले ही इस छापेमारी से प्रदेश के अधिकारियों को यह संदेश देने की कोशिश की होगी कि वह ठीक से काम करें और समय से दफ्तर आएं तथा गुड गवर्नेंस के मामले में समझौता नहीं किया जाएगा। लेकिन उनकी इस कोशिश से वैसा कुछ संभव है नहीं। उनकी यह कार्रवाई एक-दो दिन दफ्तरों में चर्चा का विषय जरूर रह सकती हैं। दरअसल कामचोरी या नकारा पन और मुफ्त की कमाई सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के खून में कैंसर की तरह अपनी जड़ें जमाए हुए हैं। जिसको किसी एक-दो ऑपरेशन से ठीक नहीं किया जा सकता है। यह एक ऐसी व्यवस्थागत खामियां हैं जिनके लिए लगातार सर्जरी की जरूरत है। सीएम ने एक सर्जरी सहकारी बैंक घपलों में भी की थी। इस बीमारी से हर विभाग ग्रसित है इसलिए यह भी एक सवाल है कि किस-किस की सर्जरी की जाए खैर सीएम जितना कर पा रहे हैं अच्छा है।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी में अधीक्षण अभियंता पर मुकदमा

देहरादून (सं)। पेयजल निगम के अधीक्षण अभियंता पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा अधीशासी अभियंता ने दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लेमनटाउन निवासी विशाल कुमार ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह उत्तराखण्ड पेयजल निगम मे बतौर अधीशासी अभियन्ता (कार्मिक) के पद पर कार्यरत है। पेयजल निगम के ही अधीक्षण अभियन्ता प्रवीण कुमार राय की उससे विभागीय स्तर पर व्यक्तिगत रंजिश है। प्रवीण कुमार राय पूर्व मे भी दिनाक 12 अप्रैल 2022 को व्हटसएप पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकियो के मैसेज कर रहा था जिसका उसके पास सम्पूर्ण डिटेल है। जिसका उसने नोटिस भी प्रवीण कुमार को भेजा था। गत रात को लगभग नौ बजे के मध्य वह अपनी पत्नी श्रीमती स्नेहा विश्वकर्मा के साथ अपनी गाडी सें अपने वरिष्ठ अधिकारी अनुज कौशिक महाप्रबन्धक (भूजल/सर्वे) के निवास स्थान सीमाद्वार के यहाँ आया था। तभी प्रवीण कुमार ने अपने दो अन्य साथियो जितेन्द्र व कपिल सिंह के साथ उसपर हमला कर दिया तथा उसको बचाने के लिए उसकी पत्नी व अनुज कौशिक आये तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बदमाशों ने घर के अन्दर से लूटा मोबाइल

देहरादून (सं)। बदमाशों ने घर के अन्दर घुसकर मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टर्नर रोड निवासी अतुल शर्मा ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज करीब दोपहर पौने दो बजे लगभग वह व मेरी पत्नी एक बच्चा घर पर थे तो तभी एक व्यक्ति अचानक से उनके घर में घुसा और बेड पर रखा उसकी पत्नी का मोबाईल फोन को उठा कर भाग गया। उसकी पत्नी ने उसका पीछा किया तो बाहर रोड़ पर खड़े अपने साथी दो लड़को के साथ मोटर साईकिल पर बेठ कर तेजी भाग गये। उसकी पत्नी ने मोटर साईकिल के नम्बर को नोट लिया था। उसकी पत्नी के फोन में एक जियो जिसका एवं दूसरा ऐयर टेल जिसका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बेलगाम कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग

नगर संवाददाता

मुनस्यारी। ग्राम पंचायत कवाधार की विशेष बैठक में आज डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद मात्र एक रोजगार सहायक देखकर जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया भड़क गए। जब सीडीओ अनुराधा पाल तक बात पहुंची तो आधे घंटे में दो वाहनों में सवार होकर बैठक के नियुक्त कर्मचारी से भी अधिक कर्मचारी बैठक स्थल पर पहुंच गए। मर्तोलिया ने कहा कि विकास खंड कार्यालय के बेलगाम कर्मचारियों को जिला स्तर से हस्तक्षेप कर सुधारें नहीं तो वे जिला अधिकारी कक्ष के भीतर बैठकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

जिला पंचायत के सरमोली वार्ड के 25 ग्राम पंचायतों में रोजगार परक योजना को धरातल पर लाने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आज एक विशेष बैठक आयोजित की जा रही थी। बैठक ग्राम पंचायत कवाधार में होनी थी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया नियत समय पर बैठक स्थल पर पहुंच गए। बैठक स्थल पर ग्राम प्रधान नथीराम, जड़ी-बूटी शोध संस्थान की विशेषज्ञ गुरुरानी, विकास खंड कार्यालय से पहुंचे एकमात्र रोजगार सहायक दिनेश जंगपांगी ही मिले। बैठक स्थल पर जनता पहुंच चुकी थी। डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद भी जब कोई कर्मचारी बैठक स्थल पर नहीं पहुंचा तो जिला



पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने मुख्य विकास अधिकारी अनुराधा पाल को फोन पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेलगाम कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर कल पिथौरागढ़ आकर जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष के भीतर धरना प्रदर्शन करेंगे।

उसके बाद ग्राम पंचायत कवाधार की रोजगार परक बैठक शुरू हुई। जिला पंचायत सदस्य ने विकास खंड कार्य खंड कार्यालय से पहुंचे एकमात्र रोजगार सहायक को भी बैठक स्थल से बाहर कर दिया कहा कि अब विकास संघ के कर्मचारियों की बिना आज की बैठक करेंगे। बैठक शुरू होने के चंद समय बाद ही दो वाहनों में विकासखंड के कर्मचारी बैठक स्थल पर पहुंच गए। इनको देखकर फिर जिला पंचायत सदस्य फिर भड़क उठे और उन्होंने सभी से बैठक स्थल से बाहर चले जाने को कहा। बैठक के बाद जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि मुनस्यारी विकासखंड के कर्मचारियों पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अव्यवस्था के लिए यहां तैनात प्रभारी खंड विकास अधिकारी दोषी है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी अनुराधा पाल से इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि उन्हें अपेक्षित नियमों के भीतर सहयोग नहीं मिला तो वे जिलाधिकारी कक्ष पिथौरागढ़ में धरना प्रदर्शन करने के लिए रवाना हो जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी विकास विभाग की होगी। साथ में कहा कि जिला स्तर से विकास खंड बेलगाम कर्मचारियों पर नियंत्रण रखने के हस्तक्षेप करना अब बेहद जरूरी हो गया है।

## गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले राशन कार्ड धारकों को राशन उपलब्ध कराने की मांग

नगर संवाददाता

हरिद्वार। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुसार उत्तराखंड खाद्य आपूर्ति मंत्रालय द्वारा सस्ता गल्ला सरकारी दुकानों के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के गरीब, परिवारों को मुफ्त राशन दिए जाने की कार्रवाई को हवा-हवाई बताते हुए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य से मांग की है कि लगभग 4 सप्ताह से गरीबी रेखा में अपना जीवन व्यतीत करते राशन कार्ड धारकों को अनाज नहीं मिल रहा है विषय की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर जांच के आदेश देते हुए खाद्य सामग्री वितरण के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सम्मलित कर असंगठित क्षेत्र के मजदूर, रिक्शा चालक, श्रमिक कर्मचारी, स्ट्रीट वेंडर्स को खाद्य राशन उपलब्ध करायी जाये।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि उत्तराखंड खाद्य आपूर्ति मंत्रालय द्वारा आनन-फानन में बगैर सत्यापन के राशन कार्ड धारकों की वैधता समाप्त किया जाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा असंगठित क्षेत्र के गरीब श्रमिक, मजदूर रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स राशन लेने के लिए सरकारी दुकानों पर जाते हैं, सरकारी गल्ले के दुकानदार ऑनलाइन अंगूठे का निशान लेते हैं उसके बावजूद भी घंटों मजदूरों को लाइन में लगना पड़ता है फिर भी राशन नहीं मिल रहा है जोकि निंदनीय दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी यदि शीघ्र ही जिम्मेदार अधिकारी गरीबी रेखा में जीवन व्यापन करने वाले राशन कार्ड धारकों को राशन उपलब्ध नहीं कराती है तो जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव किया जाएगा साथ ही राशन की हो रही कालाबाजारी के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किए जाएंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग अधिकारियों की होगी। इस मौके पर कुंवर सिंह मंडवाल, राजेश खुराना, गोपालकृष्ण प्रधान, सुंदरलाल राजपूत, आर.एस. रतूड़ी, मनोज कुमार मंडल, राजेंद्र पाल, मोहनलाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

'जुषस्व नः समिधमग्ने अद्य शोचा बृहद्यजतं धूममृण्वन्।
'उप स्पृश दिव्यं सानु स्तूपैः सं रश्मिभिस्ततनः सूर्यस्य।।
(ऋग्वेद ७-२-१)

हे अग्नि ! आप हमारी समिधाओं को स्वीकार करके अच्छी प्रकार प्रदीप्त हो। अपनी यज्ञाग्नि की सुगंध से पर्वत के ऊंचे भागों को स्पर्श करो। सूर्य किरणों के तुल्य सब ओर विस्तारित होकर वातावरण को शुद्ध करो। इसी प्रकार विद्वानों को भी अपना व्यवहार करना चाहिए।

O Agni ! May you be well illuminated by accepting our Samidhas(fire-sticks).Touch the higher parts of the mountain with the fragrance of your Yajyagni. Purify the atmosphere by spreading like the sun rays. Similarly, scholars should also act. (Rig Veda 7-2-1)

## मारपीट में समधी व दामाद के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर समधी व दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवलोक कालोनी शिमला बाईपास निवासी तजेन्द्र सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री निशा का विवाह लगभग पांच साल पूर्व आदित्य चौधरी पुत्र विरेन्द्र चौधरी निवासी सेलाकुईसे हुआ है कुछ मनमुटाव के चलते उसकी पुत्री परेशान होने के कारण अपने मायके मे रह रही है। छह मई को दिन 3 बजे लगभग उसका समधी विरेन्द्र चौधरी व उनका पुत्र आदित्य व आर्यन उसके घर आये उस समय वह व उसका पुत्र घर पर नही थे। आते ही गाली गलौच गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे व मारपीट शुरू कर दी उक्त लोगों ने उसकी पत्नी व पुत्री व बहु वैशाली से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा निशा को मरवाकर जंगल मे या नदी में फिकवा दूंगा। जब आसपास के लोग वहां पर आये तो वह जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# महिला पुलिसकर्मियों ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

**●दस हजार की नगदी, पर्स व स्मार्ट वॉच को लौटाया वापस**





हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। ड्यूटी के दौरान दस हजार की नगदी भरा पर्स व स्मार्ट वाच मिलने के बाद महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हे श्रद्धालुओं को वापस लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। महिला पुलिसकर्मियों के इस कार्य पर यात्रा पर आये श्रद्धालुओं व स्थानीय जनता ने भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।


जानकारी के अनुसार बीते रोज यमुनोत्री धाम मंदिर परिसर में ड्यूटी पर तैनात म.कानि. वन्दना एवं म.कानि. संगीता को एक पर्स पड़ा हुआ मिला, जिसमें करीब दस हजार की नगदी एवं अन्य कागजात थे, पर्स में महाराष्ट्र निवासी निर्मला रमेश सोनवणे के नाम से एक आधार कार्ड भी था, जिसके आधार पर पुलिस जवानों के द्वारा उक्त पर्स के सम्बन्ध में मन्दिर परिसर से अनाउंसमेंट कर उक्त महिला श्रद्धालु को बुलाया गया तथा पर्स को दस हजार की नगदी के साथ सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। महिला श्रद्धालु के द्वारा बताया गया कि यमुनोत्री मन्दिर में दर्शन के दौरान उनका पर्स कहीं खो गया था जिससे वह काफी परेशान हो गई थी, पर्स वापस मिलने पर उनके द्वारा पुलिस के इस कृत्य के लिए महिला पुलिस जवानों का आभार प्रकट किया गया।

वहीं ड्यूटी के दौरान महिला कानि. वन्दना को एक घड़ी( स्मार्ट वॉच) भी खोई हुई मिली, जिसके बारे में उनके द्वारा मालूमात करने पर घड़ी केरल निवासी श्रद्धालु सुनील पिल्लई की होना पाया गया, महिला जवानों के द्वारा उन्हें वहां बुलाकर घड़ी को उनके सुपुर्द किया गया। श्रद्धालु द्वारा महिला जवान का आभार प्रकट किया गया है।

## महापुरुष समाज की सांझी विरासत होते हैंः आर्य रविदेव गुप्ता

संवाददाता

देहरादून। आर्य रविदेव गुप्ता ने कहा कि किसी भी देश के महापुरुष उसकी साझी विरासत होते हैं और उनको अलग-अलग धर्मों और संप्रदायों के आधार पर बांटना देश,जाति व धर्म के प्रति अन्याय होगा।




आज यहां केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में महात्मा बुद्ध का वैदिक चिंतन विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल में 398 वां वेबिनार था। मुख्य वक्ता आर्य रविदेव गुप्ता ने कहा कि लगभग 2500 वर्ष पूर्व महात्मा बुद्ध ने बौद्ध मत की स्थापना की। अपनी शिक्षा गुरुकुल से आरंभ कर वेदों का भी अध्ययन किया और फिर कालांतर में उससे प्रभावित होकर और कुछ तात्कालिक अंधविश्वास,पाखंड और वेदों के नाम पर ही चलने वाली भयंकर कुरीतियों से विचलित होकर , अपने ग्रंथों का सूत्रपात किया। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हमारा उद्देश्य यही हो की उस महापुरुष जिनको पौराणिक हिंदू समाज ने श्नवम अवतारश की संज्ञा भी देकर सम्मानित किया,उनके मूल सिद्धांतों को समझें और इस भयंकर विषमता के वातावरण में कुछ ऐसे सूत्रों को ढूंढें जो हमको एक सूत्र में बांधते हैं।किसी भी देश के महापुरुष उसकी साझी विरासत होते हैं और उनको अलग-अलग धर्मों और संप्रदायों के आधार पर बांटना देश,जाति व धर्म के प्रति अन्याय होगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने संचालन करते हुए कहा की हमें एक दूसरे की अच्छी बातों को ग्रहण करना चाहिए। मुख्य अतिथि आर्य नेता सुधीर गुलाटी(देहरादून) व राजेश मेहंदीरत्ता(दिल्ली) ने भी अपने विचार रखे।अध्यक्षता जगदीश कपूर(लुधियाना) ने की। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। गायक रविन्द्र गुप्ता,ईश्वर देवी, सुनीता अरोड़ा,कमला हंस, कौशल्या अरोड़ा,कुसुम भंडारी, जनक अरोड़ा,प्रवीना ठक्कर, प्रतिभा कटारिया आदि के मधुर भजन हुए।

# खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला रुद्रपुर द्वारा जांच में पनीर के सैंपल हुए फेल

कार्यालय संवाददाता



रुद्रपुर। जिला खाद्य संरक्षा अधिकारी श्री पीसी जोशी द्वारा बताया है कि पिछले सप्ताह में एफडीए देहरादून की टीम द्वारा उपायुक्त गढ़वाल मंडल एवं जिला अधिकारी देहरादून के निर्देशानुसार मिल्क प्रोडक्ट की क्वालिटी जांच हेतु विशेष अभियान चलाया गया था । पर्यटक सीजन के कारण पनीर दूध आदि प्रोडक्ट की डिमांड बढ़ जाती है जिसके कारण सहारनपुर आदि क्षेत्रों से कुछ ट्रांसपोर्टरों में द्वारा प्राइवेट कार में सस्ते दाम में२०० प्रति किलोकी दर से घटिया पनीर सप्लाई किया जा रहा था जबकि ५ किलो दूध में लगभग १ किलोग्राम पनीर ही बनता है एफडीए देहरादून द्वारा अभियान चलाकर पनीर ८ नमूने एवं मावे के २ नमूने क्वालिटी जांच हेतु गवर्नमेंट लैब रुद्रपुर में भेजें जिसकी जांच रिपोर्ट में पनीर के ८नमूने मे फॉरेन फैट ( मिल्क फैट के अतिरिक्त अन्य सिंथेटिक फैक्ट से बनाया गया होना पाया गया है) और और और असुरक्षित घोषित किया गया है और मावे के २ सैंपल सब स्टैंडर्ड पाए गए हैं जो मानक के अनुरूप नहीं है एफडीए की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए लगभग १२ ०० किलोग्राम (१२ कुंटल) नकली पनीर को बाजार मे विक्रय होने से पहले ही जेसीबी की सहायता नष्ट करा दिया गया था और पनीर के नमूना परीक्षण हेतु गवर्नमेंट लैब में भेजे गए थे और लैब की रिपोर्ट के आधार पर डेरी प्रोडक्ट ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम २००६के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए धारा ४६ के तहत नोटिस जारी कर दिया गया है।

देहरादून में दूध का प्रोडक्शन बहुत कम है शहर के कई डेरी संचालक सही डेरी प्रोडक्ट विक्रय करना चाहते हैं और कुछ घटिया मिल्क प्रोडक्ट कम दामों में खरीद कर अधिक मात्रा में विक्रय कर अधिक मुनाफा करना चाहते हैं और कुछ रेस्टोरेंट डेरी वेंडिंग पॉइंट कम दाम का ही माल खरीदना चाहते हैं लेकिन उस से होने वाले नुकसान की उन्हें सही जानकारी नहीं है और उससे सही प्रोडक्ट बेचने वाले व्यापारी का कारोबार भी प्रभावित होता है और एफडीए द्वारा ऐसे व्यापारियों की पहचान की जा रही है और कई व्यक्तियों द्वारा आपसी रंजिश के कारण फर्जी शिकायतें भी भेजी रही हैं, लेकिन किसी को अनावश्यक परेशान भी नहीं किया जाएगा और जो लोग नियम के तहत कार्य नहीं करेंगे इन पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी डेरी प्रोडक्ट के जानकारी हेतु एक दिवसीय फूड सेफ्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम भी चलाया जाएगा।

पिछले महीने में देहरादून शहर की ४० डेयरी संचालकों की फूड सेफ्टी ट्रेनिंग फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया था।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान पुराने ओवर ब्रिज के पास एक स्कूटर सवार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह स्कूटर को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से डेढ पेटी शराब की बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम परमानन्द रतूडी पुत्र पुरूषोत्तम दत्त निवासी श्यामपुर ऋषिकेश बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## शहीद स्थल के बाहर से हटाये जायें स्टाम्प पेपर बेंडरः दिशा

संवाददाता

देहरादून। दिशा संस्था ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि शहीद स्थल के बाहर बैठने वाले स्टाम्प बेंडरों को वहां से स्थानांतरित किया जाये।

आज यहां दिशा संस्था के पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि दिशा संस्था मांग करती है कि जिस प्रकार से पीडब्ल्यूडी के सामने बैठे हुए सड़क पर अतिक्रमण कर रहे स्टाम्प वेंडरों को हटाया गया था उसी क्रम से शहीद स्मारक के बाहर बैठे स्टाम्प वेंडरों को हटाया जाए क्योंकि उनसे कोर्ट पार्किंग की व्यवस्था चरमरा गई है और आम जनमानस को भी आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में दिशा संस्था मांग करती है कि कचहरी परिसर में शहीद स्मारक के पीछे खाली पड़ी जमीन पर उक्त स्टाम्प वेंडरों को स्थानांतरित किया जाए ताकि शहीद स्मारक की सुंदरता भी बरकरार रहे और जनमानस व यातायात भी बाधित ना हो। ज्ञापन देने वालों में प्रभात डंडरियाल,प्रदीप कुकरेती,विपुल नोटियाल,सुशील विरमानी,नवनीत गुसांई आदि लोग शामिल रहे।

# अधिकारियों में सरकार का डर न होना बड़ी नाकामीः मोर्चा

नगर संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में सरकारी विभाग की हालत कल स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परखी, जिसमें कई अधिकारी, कर्मचारी नदारद एवं लेट लतीफ मिले, जोकि सरकार की बहुत बड़ी नाकामी है। ये आलम तब है, जब आरटीओ कार्यालय की दूरी सचिवालय, मुख्यमंत्री निवास व राजभवन से मात्र 7-8 सौ मीटर है।

नेगी ने चिंता जताते हुए कहा कि जनता अपने छोटे-मोटे काम कराने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर थक जाती है, लेकिन उनको कार्यालय में अधिकारी, कर्मचारी नहीं मिल पाते। उन्होने कहा कि कई अधिकारियों की दिनचर्या तो यह हो गई है कि वे 11 बजे के बाद ही आना पसंद करते हैं तथा कई हाजिरी लगाकर गायब हो जाते हैं तथा कई क्षेत्र में होने का बहाना कर घर में आराम फरमा रहे होते हैं, जिसका अनुसरण मातहत कर्मचारी भी करते हैं। विभागों में फाइल बगैर लेनदेन के खिसकने का नाम नहीं लेती तथा अधिकारी-कर्मचारी सरेआम सुविधा शुल्क की मांग करते है।

नेगी ने कहा कि कल राजधानी की नाक के नीचे आरटीओ कार्यालय में स्वयं मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण में सरकार के काम की कलई खुल गई, जिसमें अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी नदारद मिले अथवा कुछ समय पर नहीं पहुंचे। वैसे मुख्यमंत्री द्वारा जो कार्रवाई की गई वो अच्छी पहल है, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों में सरकार का भय न होना निश्चित तौर पर चिंता का विषय है। मोर्चा द्वारा कई माह पहले भी सरकार को चेताने का काम किया था, लेकिन सरकार सोई रही। उन्होने कहा कि मोर्चा सरकार से मांग करता है कि अधिकारियों को भी औचक निरीक्षण के निर्देश दें एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में धरातल पर काम करें, जिससे जनता को सही समय पर न्याय मिल सकें। पत्रकार वार्ता में मो.असद व प्रवीण शर्मा पिन्नी मौजूद थे।

# सैन्यधाम का निर्माण प्रदेश के पूर्व सैनिकों के लिए गौरव की बातः जोशी



संवाददाता

बनबसा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैन्यधाम का निर्माण प्रदेश के पूर्व सैनिकों के लिए गौरव की बात है। आज यहां प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने टनकपुर के आमबाग में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में सैन्यधाम का निर्माण प्रदेशवासियो समेत पूर्व सैनिकों के लिए गौरव की बात है। सभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जनता का आशीर्वाद ही है कि फौज का एक सिपाही आज 4 बार का विधायक और मंत्री है। उन्होंने कहा कि पुष्कर सिंह धामी युवा है और उनके अंदर प्रदेश के समग्र विकास की क्षमता है। मंत्री ने बताया कि कारगिल से पहले किसी शहीद को उचित सम्मान नहीं मिलता था, अटल सरकार ने तिरंगे झंडे में शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक पहुँचाने का काम भी किया। ओआरओपी के माध्यम से भाजपा की सरकार ने पूर्व सैनिकों की पेन्शन को बढ़ाने का काम किया। शहीदों के परिजनो को उनकी योग्यतानुसार सरकारी नौकरी देने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने सैनिक कल्याण से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी पूर्व सैनिकों को दी। सैन्यधाम को प्रदेश का 5वाँ धाम बनाए जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सैन्यधाम का निर्माण कार्य 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। लाइट एंड साउंड शो, थिएटर सहित कई अन्य आकर्षण का केंद्र सैन्यधाम में होगा। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी बूडा नहीं होता, सैनिक हमेशा यंग रहता है। मंत्री ने कहा कि 31 मई को भाजपा प्रत्याशी पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने करें और करवाए। उन्होंने कहा कि चम्पावत एवं प्रदेश के विकास के लिए पुष्कर सिंह धामी को चुनना बहुत जरूरी है। इस मौके पर मेहता एंड पार्टी द्वारा नुक्कड़-नाटक एवं कुमाऊँनी गीतों के माध्यम से भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, पूर्व मंत्री स्वामी यतेश्वरानंद, कर्नल बीडी जोशी, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, कैप्टन भुवन कापड़ी, कैप्टन चंद्रशेखर गहतोड़ी, ग्राम प्रधान मोहिनी चंद, पूजा जोशी, गीता जोशी, उर्मिला चंद, शमशेर सिंह बिष्ट, वयोवृद्ध पूर्व सैनिक नैन चंद आदि उपस्थित रहे।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने परवल गांव की ओर जाने वाले रास्ते में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से साढे छह ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम अफजाल पुत्र अयूब अली निवासी गौरखपुर चौक बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## घर के बाहर से साईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घर के बाहर से साईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी विक्की वर्मा ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी की साईकिल घर के बाहर खडी थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आये तो उन्होंने देखा कि उनकी बेटी की साईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं आपकी आंखे

आंखों के बदलते रंग से आप आसानी से पता लगा सकते है कि आपको कौनसी बीमारी होने वाली है। आप जितनी जल्दी इनकी पहचान कर लेंगे, उतनी जल्दी किसी बीमारी को गंभीर होने से रोक सकेंगे। तो आइए जानते हैं कि आंखों के जरिए किस तरह सेहत का हाल जाना जा सकता है।

डायबिटीज

आंखों से धुंधला दिखाई देना टाइप-2 डायबिटीज के संकेत हो सकते है। बढ़ा हुआ ब्लड शुगर नसों पर दबाव डालता है। इसकी वजह से आंखों के पिछले हिस्से में खून के धब्बे से दिखाई देते हैं। इन खून के धब्बों का मतलब है कि आपका ब्लड शुगर लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है और आपको इसको तुरंत कम करने के बारे में सोचना चाहिए। अगर ब्लड शुगर के इस स्तर पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इससे आंखों की रोशनी खोने का डर बना रहता है।



कैंसर

ब्रेस्ट कैंसर के भी लक्षण आंखों में नजर आ सकते है। जब कैंसर कोशिकाएं शरीर के अन्य हिस्सों को प्रभावित करने लगती हैं, तो इसका असर आंखों पर पडने् लगता है। यूविया (आंखों के बीच की परत) ये संकेत देती है कि कैंसर कोशिकाएं आपकी आंखों में भी फैल चुकी हैं। अगर आपको धुंधली नजर, आंखों में दर्द, या फ्लैश जैसी समस्याएं महसूस होती हैं तो ऐसी स्तिथि में आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

हाई कोलेस्ट्रॉल

खून में बढ़ा कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे आंखों में जमा होने लगता है। जिसके बाद आपकी आंखों की पुतली के चारों ओर एक सफेद या नीले रंग का रिंग बनने लगता है। हालांकि कई मामलों में ये बढ़ती उम्र की भी निशानी है लेकिन इसका एक अन्य कारण हाई कोलेस्ट्रॉल भी है। आगर आपको कोई ऐसा लक्षण नजर आता है तो अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर कराएं। ये दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकता है।

खराब रेटिना

रेटिना के आसपास छोटे-छोटे धब्बे जैसे निशान को आई फ्लोटर्स कहते हैं। ये बहुत सामान्य है और हर कोई इसे महसूस कर सकता है लेकिन इन फ्लोटर्स की बढ़ती संख्या रेटिनल टियर यानी इसके अलग होने का संकेत देती है। इस संकेत को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि एक समय के बाद ये आपकी आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।



इंफेक्शन

कॉर्निया पर दिखाई देने वाला सफेद धब्बा कॉर्नियल इंफेक्शन का संकेत हो सकता है। यह ज्यादातर उन लोगों में देखा जाता है जो चश्मे के बजाय कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करते हैं। लेंस में बैक्टीरिया आसानी से लग जाते हैं और इनकी वजह से इंफेक्शन फैल जाता है। इसकी वजहे से कॉर्नियल स्कारिंग और दर्द हो सकता है।

पीलिया

आंखों का सफेद भाग पीला हो जाए तो ये पीलिया का संकेत हो सकता है। पीलिया तब होता है, जब शरीर में बिलीरुबिन नामक पदार्थ बहुत अधिक हो जाता है। बिलीरुबिन की अत्यधिक मात्रा होने से लिवर पर बुरा प्रभाव पड़ता है, और इससे लिवर के काम करने की क्षमता कमजोर पड़ जाती हैं। बिलीरुबिन धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैल जाता हैं जिससे व्यक्ति को पीलिया रोग हो जाता है। ऐसी स्थित में यूरीन और स्किन भी पीली होने लगती है।

## शब्द सामर्थ्य -073

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 072 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# सोहैल खान-सीमा का 24 साल का रिश्ता टूटा!

सलमान खान के छोटे भाई सोहेल खान और उनकी पत्नी सीमा खान अपना 24 साल का रिश्ता खत्म करने जा रहे हैं. दोनों ने मुंबई के फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी डाल दी है. सोहेल और सीमा को फैमिली कोर्ट के बाहर देखा गया था. दोनों कोर्ट से अलग-अलग निकले थे. खबर है कि दोनों ने अपनी शादी को खत्म करने का फैसला ले लिया है.

सूत्रों के अनुसार, सोहेल खान और सीमा शुक्रवार को फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे, दोनों ने तलाक के लिए अर्जी डाली है. हालांकि, दोनों के बीच अभी भी दोस्ती बरकरार है. दोनों ने अचानक से अलग होने का फैसला लिया था. इसके संबंध में अधिक किसी को नहीं जानकारी नहीं दी गई थी. दोनों ने अपने इस फैसले को व्यक्तिगत रखना ही उचित समझा और फिर तलाक की अर्जी डाल दी. वह बीते कई वर्षों से अलग रह रहे हैं. कपल से संबंधित एक करीबी दोस्त ने बताया कि सीमा और सोहेल के बीच कोई झगड़ा नहीं है. यह फैसला दोनों ने मिलकर लिया है और अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढने का निर्णय लिया है.

हालांकि, सोहेल और सीमा के फैंस के लिए यह हैरान करने वाली खबर है. बता दें कि सीमा खान का असली नाम सीमा सचदेव है. वह पेशे से फैशन डिजाइनर और स्टाइलिस्ट हैं. खबर है कि सीमा ने अपना सैलून भी खोल रखा है

सुजैन खान और महीप कपूर के साथ मिलकर मुंबई के बांद्रा में उन्होंने 19० लग्जुरियस बूटीक शुरू किया थे.

उन्होंने सोहेल खान से वर्ष 1998 में निकाह किया था. दोनों के दो बेटे हैं, जिनका नाम योहान और निर्वाण है. अब विवाह के 24 वर्षों के बाद दोनों अलग हो रहे हैं. 2०17 में भी सोहेल और सीमा के अलग होने की खबरें आई थीं. यही नहीं सोहेल और सीमा को नेटफ्लिक्स शो द फैबुलस लाइव्स ऑफबॉलीवुड वाइव्स में अलग-अलग रहते हुए भी देखा गया था. इस शो के बाद अफवाह स्पष्ट हो गई थी कि दोनों अब साथ नहीं हैं.

# सफेद बिकनी में अमीषा ने सोशल मीडिया पर लगाई आग

बॉलीवुड की हॉट एंड प्रिटी अभिनेत्री अमीषा पटेल का इंस्टाग्राम ग्लैमरस तस्वीरों से भरा हुआ है। इसी बीच अमीषा पटेल ने एक बार फिर अपने सिज़लिंग फोटोशूट से फैन्स के पसीने तक छुड़ा दिए है, तो आइए डालते हैं एक नजर उनकी इन फोटोज़ पर। इन तस्वीरों में अमीषा पटेल पिंक एंड व्हाइट बिकिनी और व्हाइट श्रग में किलर पोज़ देती हुई नज़र आ रही है, जिनमें उनका हॉट लुक देक फैन्स पसीना-पसीना हो रहे हैं।

फोटोज में अमीषा पटेल गले में एक नेकपीस और गॉगल्स के साथ कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज़ देती हुई दिखाई दे रही है। अमीषा पटेल ने अपने इस लुक को ओपन हेयर लुक और स्मोकी मेकअप के साथ कम्प्लीट कर रखा है। खबरों की मानें तो भले ही अमीषा पटेल पिछले कुछ समय से मूवीज से दूर हों, लेकिन इंस्टाग्राम पर उनका जलवा अब भी बना हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमीषा पटेल ने अब तक कहो ना प्यार है, क्या यही प्यार है, आप मुझे अच्छे लगने लगे, हमराज़, ये है जलवा, एलान, ज़मीर, मंगल पांडे, हमको तुमसे प्यार है, तथास्तु, आप की खातिर, हे बेबी, भूल भूलइया और रेस 2 जैसी मूवीज में काम किया है।

सोशल मीडिया पर अमीषा पटेल के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी फोटोज पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमीषा पटेल ने अपने इस लुक को ओपन हेयर लुक और स्मोकी मेकअप के साथ कम्प्लीट कर रखा है।

# प्रभास की फिल्म स्पिरिट के लिए शीर्ष की दो अभिनेत्रियों पर हो रहा विचार

साउथ सुपरस्टार प्रभास हाल ही में पूजा हेगडे के साथ राधे श्याम में दिखाई दिए थे। वह अब अपनी नई फिल्म प्रोजेक्ट के की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन का जिम्मा नाग अश्विन पर हैं। इसके अलावा प्रभास अगली नई फिल्म स्पिरिट में भी नजर आएंगे, जिसका निर्देशन अर्जुन रेड्डी फेम संदीप रेड्डी वांगा करेंगे।

फिल्म की हीरोइन का नाम तो सामने नही आया है परंतु ऐसे कायस लगाए जा रहें हैं कि, रश्मिका मंदाना या कियारा आडवाणी को प्रभास के साथ उनकी आगामी थ्रिलर ड्रामा, स्पिरिट में जोड़ा जाएगा।

खबर है कि संदीप को लगता है कि या तो रश्मिका या कियारा फिल्म में प्रभास के लिए सबसे सही होंगी और वह जल्द ही उनमें से एक को फिल्म के लिए लॉक कर देंगे।

जाहिर है कि, संदीप पहले से ही बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की एनिमल के लिए रश्मिका के साथ काम कर रहे हैं।

दूसरी ओर, कियारा शंकर षणमुगम के निर्देशन में साउथ एक्टर राम चरण के साथ अभिनय कर रहीं हैं।

एक बार जब प्रभास अपनी वर्तमान प्रतिबद्धताओं- प्रोजेक्ट के और सालार को पूरा कर लेंगे तो वह स्पिरिट के लिए काम करना शुरु कर देंगे।(आरएनएस)

# कार्तिक-कियारा ने लिया गुजराती थाली का मजा



अभिनेता कार्तिक आर्यन और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी जल्द ही अपने फैंस के लिए भूल भुलैया 2 मूवी लेकर आ चुके है। मूवी 2० मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इन दिनों दोनों स्टार मूवी की जमकर प्रमोशन करने में जुटे हुए हैं और इसी सिलसिले वो हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे, जहां दोनों स्टार्स ने एक साथ गुजराती थाली का भी लुट उठाते हुए नज़र आए। कार्तिक-कियारा की ये फोटोज अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल होने लगी है।

ये फोटोज कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा कर दी है, जहां दोनों एक साथ बैठे बड़े मजे के साथ गुजराती थाली एंजॉय करने में लगे हुए है। इस बीच कियारा ग्रीन आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही है और कार्तिक आर्यन व्हाइट टी शर्ट के साथ ब्लू डेनिम में बहुत कूल लग रहे हैं। फैंस दोनों स्टार्स की इन फोटोज को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया भी देने लगे है। खबरों की मानें तो कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 का निर्देशन अनीस बज्मी के द्वारा किया गया है, जिसमें कियारा आडवाणी एक्टर के अपोजिट दिखाई देने वाली है। फिल्म बहुत जल्द 2० मई को पर्दे पर रिलीज होने जा रही है।

जी दरअसल कार्तिक ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे उनके प्यार में पागल एक लडकी ने उन्हें नहीं बल्कि उनकी मम्मी को स्टॉक करना शुरू किया और मैसेज भेजने लगी। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया, मैं आपको हाल ही में हुआ एक किस्सा बताता हूं। एक लडक़ी ने मेरे लिए मेरी मम्मी को स्टॉक करना शुरू किया और वो उन्हें उनकी इंस्टाग्राम आईडी में मैसेज भेजने लगी। वो मैसेज भेज कह रही थी, मुझे आपकी बहू बनना है, मैं आपके घर पर झाड़ू पोछा भी लगा लूंगी। इसके अलावा जब कार्तिक भूल भुलैया 2 के टाइटल ट्रैक हरे कृष्णा हरे राम के प्रमोशन के लिए दिल्ली में थे उस समय एक फीमेल फैन उनसे मिलने के बाद फूट-फूटकर रोने लगीं और उस दौरान का वीडियो खूब वायरल हुआ था।

# सलमान ने शेयर किया कंगना की फिल्म का ट्रेलर

बॉलीवुड में अपनी दबंगई के लिए मशहूर सलमान खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। उनके लाखो नहीं करोड़ो चाहने वाले हैं और वह भी सभी की मदद के लिए आगे रहते हैं। बीते दिनों उनकी बहन अर्पिता ने अपने घर पर ईद की पार्टी दी थी, जहां पर पूरा बॉलीवुड जमा हुआ था।

इस दौरान इस पार्टी में जब कंगना रनौत पहुंची तो हर कोई हैरान रह गया। दरअसल ऐसा इसलिए क्योंकि कंगना की खान परिवार के खिलाफ रही हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाती रहती हैं। हालाँकि पार्टी में उनका पहुंचना फैंस को हैरान कर गया है और उनके वहां से फोटोज आने के बाद फैंस के तो होश ही उड़ गए।




दूसरी तरफपार्टी के बाद कंगना ने ये भी कहा कि वहां पर जमा सितारों ने उनकी आने वाली फिल्म धाकड़ को जमकर सराहा है लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा है। अब इन सभी के बीच बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने कंगना की फिल्म धाकड़ का ट्रेलर शेयर किया है और उनकी तारीफ़ की है। यह देखने के बाद कंगना खुद को रोक नहीं पाईं और उन्होंने सलमान को शुक्रिया कहा है। कुछ समय पहले ही सलमान खान ने कंगना रनौत और अर्जुन रामपाल स्टारर फिल्म धाकड़ का ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। वहीं कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर सलमान के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, थैंक्यू मेरे दबंग हीरो... सोने के दिल वाले, मैं अब कभी नहीं कहूंगी कि मैं इस इंडस्ट्री में अकेली हूं। धाकड़ की पूरी टीम की ओर से शुक्रिया। अब कंगना का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है।

# रिलीज हुआ नुसरत भरुचा की फिल्म जनहित में जारी का पहला गाना



जावेद अली अब एक बार फिर से फिल्म जनहित में जारी के रोमांटिक सॉन्ग पर्दा दारी के साथ वापसी कर रहे हैं। जी हाँ और इस गाने में उनका साथ दिया है ध्वनि भानुशाली ने। जी दरअसल आज हिट्ज़ म्यूजिक़ पर रिलीज़ हुए पर्दा दारी गाने में नुसरत भरुचा और अनुद सिंह नजर आएं हैं, जो आप देख सकते हैं। इस गाने के लिए पहली बार जावेद अली और ध्वनि भानुशाली एक साथ आए हैं। प्रीनी सिद्धांत माधव द्वारा रचित, समीर अंजान के बोलों के साथ, यह गीत प्यार करने वाले लोगों के लिए हैं। जय बसंतू द्वारा निर्देशित यह खुबसूरत गाना और इसके बोल एकजुटता की फीलिंग को परिभाषित करते हैं। इस गाने के बारे में जावेद अली कहते हैं, रोमांटिक सॉन्ग्स का जब नशा चढ़ता है, वो बहुत देर तक रहता है दिल और दिमाग में। लव सॉन्ग एक बहुत ही खुबसूरत जरिया है कि कोई एक दूसरे के बारे में क्या महसूस करता है। पर्दा दारी के साथ हमने एकजुटता के सार को छूने की कोशिश की है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उसी तरह का प्यार और सराहना देंगे जो उन्होंने हमेशा मुझे दिया है। वहीं ध्वनि भानुशाली कहती हैं, पर्दा दारी में एक सुंदर सहज राग है जो आपके कानों को बहुत सुकून देता है। यह एक ऐसा गाना है जिसे गुनगुना बहुत ही आसान है जो आप के मूड को सही कर देता है। जावेद अली के साथ इस ट्रैक के लिए गाना गाना सीखने जैसा है। इस गाने को बेहतरीन बनाने के लिए पूरी जान डाल दी है और अब हमे ऑडियंस की प्रतिक्रिया जानने का बेसब्री से इंतज़ार है।

इसी के साथ इस गाने को लेकर नुसरत भरुचा ने कहा, लव सांग्स हमेशा से मेरा पर्सनल फेवरिट रहा है। जावेद अली और ध्वनि के खूबसूरत राग और दिल को छू जानेवाले बोल ने इस गाने को और भी बेहतरीन बना दिया है। फिल्म जनहित में जारी के साउंडट्रैक में से यह गाना मेरा पसंदीदा है। आप सभी को बता दें कि जनहित में जारी 1० जून को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।(आरएनएस)

# बंदरगाह, हवाईअड्डों से बेखौफ आवक!

हरिशंकर व्यास

यह कारोबार भले जिस देश से चल रहा हो और नशीली वस्तुएं, जिस बंदरगाह या हवाईअड्डे पर उतर रही हों लेकिन इनका विस्तार पूरे देश में है। इसे दिल्ली में हुई जब्ती से समझा जा सकता है। राजधानी दिल्ली में तीन दिन पहले 11 मई को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 55 किलो हेरोइन पकड़ी गई। इसी क्रम में डीआरआई ने पंजाब और हरियाणा से सात किलो हेरोइन और 5० लाख रुपए पकड़े, जिसकी वजह से कुल जब्ती 62 किलो की हो गई। इसकी कीमत 434 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि जिस कार्गो से हेरोइन भारत आई वह युगांडा के एंटेबे हवाईअड्डे से चला था। दुबई के रास्ते यह भारत पहुंचा था। सोचें, युगांडा जैसे गरीब और कंगाल देश से इतना बड़ी



खेप कैसे आई? इससे कोई 1० दिन पहले दिल्ली के भोगल इलाके से एनसीबी ने दो अफगानी नागरिकों को पकड़ा था और एक सौ करोड़ रुपए की नशीली वस्तुएं जब्त की थी। सो, पिछले दो हफ्ते में दिल्ली में साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए की नशीली वस्तुएं पकड़ी गई हैं। इससे नशे के कारोबार की व्यापकता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

तभी सवाल है कि क्या नशे का यह कारोबार अब संगठित कारोबार में बदल गया है? पहले अफ्रीका या अफगानी नागरिक अपने शरीर में छिपा कर थोड़े बहुत नशील पदार्थ लाते थे। पकड़े जाने पर उनके पास बहुत मामूली मात्रा में नशीली वस्तुएं मिलती थीं। वह उनका निजी उद्यम होता था। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि ऑर्गेनाइज्ड तरीके से यह कारोबार चल रहा है। क्विंटल के हिसाब से नशीली वस्तुएं हवाईअड्डों और बंदरगाहों पर पहुंच रही हैं। पहले भारत में तीन रास्तों से नशीली वस्तुएं पहुंचती थीं। एक रास्ता पूर्वोत्तर का था। म्यांमार से होकर उत्तर पूर्वी राज्यों के रास्ते नशीली वस्तुएं भारत में आती थीं। यह गोल्डेन ट्रांयगल का पुराना रूट रहा है। दूसरा रास्ता पाकिस्तान से होकर था। इस रास्ते से ड्रग्स पंजाब पहुंचता है और वहां से पूरे देश में भेजा जाता है। पंजाब में युवाओं के नशे का शिकार होने की बड़ी वजह यहीं है। तीसरा रास्ता अफ्रीकी देशों का है, जहां से हवाई मार्ग से नशीली वस्तुएं भारत आती हैं। अब एक चौथा रास्ता ईरान से होकर समुद्र के रास्ते भारत आने का हो गया है। अब हर रास्ते से बड़ी मात्रा में नशीली वस्तुएं भारत आ रही हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि यह संगठित कारोबार हो गया है, जिसमें बड़े लोग और बड़ी पूंजी शामिल है। सो, सवाल है कि भारत का पाब्लो एस्कोबार कौन है? कौन यह संगठित गिरोह चला रहा है? क्या देश का कोई एक या कई बड़े धनपति मिल कर देश को तबाही की ओर ले जाने का यह खेल कर रहे हैं?

# आरसीपी पर भी दांव दिखा रहे हैं नीतीश

शरद यादव के जाने के बाद जनता दल यू को दो लोगों- नीतीश कुमार और आरसीपी सिंह की पार्टी माना जाता है। नीतीश मुख्यमंत्री हैं और आरसीपी पार्टी के इकलौते प्रतिनिधि के नाते केंद्र सरकार में मंत्री हैं। लेकिन आरसीपी के मंत्री बनने के बाद से ही दोनों नेताओं के बीच तनातनी की खबर है। तभी नीतीश कुमार उनके ऊपर भी दांव दिखा रहे हैं। बताया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद भी नीतीश ने अभी तक आरसीपी के नाम की हरी झंडी नहीं दी है। ध्यान रहे आरसीपी का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है और केंद्र में मंत्री बने रहने के लिए उनका राज्यसभा में जाना जरूरी है।

जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा से उनकी बढ़ती करीबी की वजह से नीतीश नाराज हैं इसलिए वे आरसीपी को उनकी जगह दिखा रहे हैं। संभव है कि उन्हीं को ही राज्यसभा में भेजा जाए, लेकिन यह बात आखिरी समय तय होगी। उससे पहले एक आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा के नाम की चर्चा चला दी गई है। मनीष वर्मा भी नालंदा के हैं, कुर्मी हैं और मुख्यमंत्री के सचिव थे। इन्हीं तीन खूबियों के दम पर आरसीपी भी पार्टी में आगे बढ़े थे। मनीष वर्मा पूर्वोत्तर काडर में हैं और केंद्र सरकार ने उनको बिहार डेपुटेशन को विस्तार नहीं दिया है। इसलिए चर्चा है कि वे भी आरसीपी की तरह वीआरएस लेकर जदयू की राजनीति करेंगे। जो हो जदयू की एक राज्यसभा सीट की राजनीति काफी दिलचस्प हो गई है।

# उथल-पुथल का अनंत दौर?

अगर महंगाई घटती, तो उससे सारी दुनिया राहत महसूस करती, क्योंकि तब शायद अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की अपनी नीति में कुछ ढिलाई दिखाता। लेकिन मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों से यह जाहिर हुआ कि अब तक यह नीति महंगाई रोकने में नाकाम है।

अमेरिका के अप्रैल के मुद्रास्फीति दर संबंधी आंकड़े पर दुनिया भर की नजर थी। खुद अमेरिका में इसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। अमेरिका के कई बाजार विशेषज्ञों ने कहा था कि वहां मुद्रास्फीति की दर मार्च में अपने चरम बिंदु पर पहुंच चुकी है। इसलिए अब इसमें गिरावट आने की शुरुआत होगी। अगर ऐसा होता, तो उससे सारी दुनिया राहत महसूस करती, क्योंकि तब शायद अमेरिकी सेंट्रल बैंक- फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की अपनी नीति में कुछ ढिलाई दिखाता। इस नीति के कारण दुनिया भर के बाजारों में उथल-पुथल मची हुई है। बहरहाल, बुधवार को जब मुद्रास्फीति की आंकड़े जारी हुए,



तो उससे यह जाहिर हुआ कि अब तक यह नीति महंगाई रोकने में नाकाम है। कुल मुद्रास्फीति दर में ०.3 प्रतिशत की और बढ़ोतरी हो गई। खास चिंता का पहलू यह सामने आया कि कोर इन्फ्लेशन में ०.6 प्रतिशत तक पहुंच गया। कोर इन्फ्लेशन में ईंधन और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर को शामिल नहीं किया जाता है, क्योंकि इन दोनों चीजों के बाजार भाव को अस्थिर प्रकृति का माना जाता है। जबकि कोर इन्फ्लेशन बढ़ने का मतलब है कि महंगाई व्यापक रूप से बढ़ रही है। तो अब प्रश्न उठा है कि अमेरिकी नीति निर्माता क्या करेंगे? एक बात तो तय है कि वे ब्याज दरें बढ़ा कर बाजार में मुद्रा की उपलब्धता घटाने की उनकी नीति जारी रहेगी।

इसका परिणाम होगा कि निवेशकों को डॉलर में निवेश अधिक सुरक्षित और लाभदायक महसूस होगा और वे उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों से अपना पैसा निकालेंगे। उस वजह से उन देशों के शेयर सूचकांकों और उनकी मुद्रा के मूल्य में भारी गिरावट जारी रहेगी। भारत में यह रूझान जारी है और इसका असर गुरुवार को भी देखने को मिला। तो सामने यह आ रहा है कि दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। इसके बीच विश्व बैंक ने उचित ही ये चेतावनी दी है कि श्रीलंका के दिवालिया होने जैसी जो स्थिति बनी, वह महज एक शुरुआत है। बैंक के मुताबिक इस समय दुनिया के निम्न और मध्यम आय 1०7 देश वैसी मुश्किलें झेल रहे हैं, जिनका परिणाम श्रीलंका जैसी हालत के रूप में सामने आ सकता है। वैसे भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए भी संकेत अच्छे नहीं हैं।

## सू- दोकू क्र. 073

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.072 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राजद्रोह कानून को रद्द करें

वेद प्रताप वैदिक

अंग्रेजों के बनाए हुए 152 साल पुराने राजद्रोह कानून की शामत आ चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने उसे पूरी तरह से अवैध घोषित नहीं किया है लेकिन वैसा करने के पहले उसने केंद्र सरकार को कहा है कि 1० जून तक वह यह बताए कि उसमें वह क्या-क्या सुधार करना चाहती है। दूसरे शब्दों में सरकार भी सहमत है कि राजद्रोह का यह कानून अनुचित और असामयिक है। यदि सरकार की यह मन्शा प्रकट नहीं होती तो अदालत इस कानून को रद्द ही घोषित कर देती।




फिलहाल अदालत ने इस कानून को स्थगित करने का निर्देश जारी किया है। अंग्रेज ने यह कानून 1857 के स्वातंत्र्य संग्राम के तीन साल बाद बना दिया था। यह कानून भारत की दंड सहिता की धारा 124ए में वर्णित है। इस कानून के तहत किसी भी व्यक्ति को यदि अंग्रेज सरकार के खिलाफ बोलते या लिखते हुए, आंदोलन या प्रदर्शन करते हुए, देश की शांति और व्यवस्था को भंग करते पाया गया तो उसे तत्काल गिरफ्तार किया जा सकता है, उसे जमानत पर छूटने का अधिकार भी नहीं होगा और उसे आजन्म कारावास भी मिल सकता है।

इस कानून का दुरुपयोग अंग्रेज सरकार ने किस-किसके खिलाफ नहीं किया? यदि भगतसिंह के खिलाफ किया गया तो महात्मा गांधी, बालगंगाधर तिलक, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरु ने भी इसी कानून के तहत जेल काटी। आजादी के बाद भी यह कानून जारी रहा। इंदिरा गांधी के राज में इसे और भी सख्त बना दिया गया। किसी भी नागरिक को अब राजद्रोह के अपराध में वारंट के बिना भी जेल में सड़ाया जा सकता है। ऐसे सैकड़ों लोगों को सभी सरकारों ने वक्त-बेवक्त गिरफ्तार किया है, जिन्हें वे अपना विरोधी समझती थीं।

किसी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की आलोचना या निंदा क्या राजद्रोह कहलाएगी? देश में चलनेवाले शांतिपूर्ण और अहिंसक आंदोलन के कई नेताओं को राजद्रोह का अपराधी घोषित करके जेल में डाला गया है। कई पत्रकार भी इस कानून के शिकार हुए जैसे विनोद दुआ, सिद्दीक़ कप्पन और अमन चोपड़ा।आगरा में तीन कश्मीरी छात्रों को इसलिए जेल भुगतनी पड़ी कि उन्होंने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को भारत के विरुद्ध उसकी जीत पर व्हाट्साप के जरिए बधाई दे दी थी।

बेंगलुरु की दिशा रवि को पुलिस ने इसलिए पकड़ लिया था कि उसने किसान आंदोलन के समर्थन में एक ञ्टूलकिटञ् जारी कर दिया था। जितने लोगों को इस ञ्राजद्रोह कानूनञ् के तहत गिरफ्तार किया गया, उनसे आप असहमत हो सकते हैं, वे गलत भी हो सकते हैं लेकिन उन्हें ञ्राजद्रोहीञ् की संज्ञा दे देना तो अत्यंत आपत्तिजनक है। यह कानून इसलिए भी रद्द होने लायक है कि इसके तहत लगाए गए आरोप प्रायरू सिद्ध ही नहीं होते।

पिछले 12 साल में 133०6 लोगों पर राजद्रोह के मुकदमे चले लेकिन सिर्फ13 लोगों को सजा हुई याने मुश्किल से एक प्रतिशत आरोप सही निकले। नागरिक स्वतंत्रता की यह हत्या नहीं तो क्या है? इस दमघोंटू औपनिवेशिक कानून को आमूल-चूल रद्द किया जाना चाहिए। वास्तविक राजद्रोह और देशद्रोह को रोकने के लिए कई अन्य कानून पहले से बने हुए हैं। उन कानूनों का प्रयोग भी बहुत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए।

# यौन उत्पीड़न मामले में शिक्षक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। यौन उत्पनीड़न मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कल देर शाम एक शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पर यह आरोप राजस्व क्षेत्र में लगाये गये थे जिसे रेगुलर पुलिस द्वारा दबोचा गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 13 मई को राजस्व क्षेत्र तहसील रानीखेत में हरीश चन्द्र जोशी द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक ऐबरन कुमार गंगवार के खिलाफ स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के साथ यौन उत्पीड़न करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया गया था,जो रेगुलर पुलिस को हस्तान्तरित की गई।




मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा प्रदीप कुमार राय द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर प्रकरण की विवेचना महिला थानाध्यक्ष बरखा कन्याल को सुपुर्द करते हुए, आरोपी शिक्षक की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिये गये थे। जिसे पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद कल देर रात ज्योलिकोट भवाली तिराहे (जिला नैनीताल) से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में ऐबरन कुमार गंगवार द्वारा बताया गया कि वह 2006 से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीखेत रानीखेत में सहायक अध्यापक के पद पर सामाजिक विज्ञान का शिक्षक है इससे पूर्व रा. उ. मा. हिनौला सल्ट में शिक्षक रह चुका है । वह 22 अप्रैल से अवकाश में चल रहा था। तथा यह प्रकरण सामने आने पर मेडिकल अवकाश पर चला गया था।

# दिन दहाड़े ब्लेड से गला काटकर आत्महत्या का प्रयास, हालत गम्भीर

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी। बनभूलपुरा में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने खुद ब्लेड द्वारा अपने हाथों से अपनी ही गर्दन को काट दिया। मामले में जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक काफी मात्रा में उसका खून बह चुका था और युवक वहीं सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायल युवक नशे का आदि बताया जा रहा है जो इन दिनों मानसिक रूप से भी बीमार चल रहा है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा क्षेत्रांर्तगतं जीनत टेंट हाउस के समीप आज सुबह एक युवक पहुंचा जिसका नाम मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी बादली टांडा निकट नगर पालिका जिला रामपुर व ससुराल ताज मस्जिद के पास बताया जा रहा है। वहां पहुंचते ही युवक द्वारा ब्लेड से बीच सड़क पर अपना गला रेत दिया गया। अचानक एक युवक द्वारा ब्लेड से अपना गला काटने के बाद आस-पास हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उस युवक को अस्पताल पहुंचा दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि रिजवान पुत्र मोहम्मद उमर पिछले कुछ दिनों से अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल मलिक का बगीचा इंदिरानगर ने आया हुआ था। जिसने आज सुबह एक दुकान से ब्लेड खरीदकर अपने गले की नस को काट दिया गया। पुलिस छानबीन में यह भी पता चला है कि रिजवान नशे का आदि था तथा रिजवान इन दिनों वह मानसिक रोग से भी गुजर रहा था।

## पुलिस अधिकारी पूरे समय ऑफिस में ..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सूचना देनी होगी।

उधर मुख्यमंत्री धामी के द्वारा बीते कल आरटीओ दून में की गई छापेमारी का असर आज आरटीओ हरिद्वार कार्यालय में भी देखने को मिला। आरटीओ रत्नाकर सिंह आज समय से कुछ मिनट पहले ही अपने दफ्तर पहुंच गए थे वही अन्य कर्मचारी भी थोड़ा बहुत आगे पीछे दफ्तर पहुंचते दिखे। नगर निगम दून और डीएसओ दून कार्यालय में भी कर्मचारी कुछ हद तक सतर्क दिखे। डीएसओ दून इसके बावजूद भी आज समय से दफ्तर नहीं पहुंचे।

# मुख्य सचिव ने केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डा0 एसएस संधु ने श्री केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह कार्यों में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें।

आज यहां मुख्य सचिव डॉ. एस. एस.संधु ने श्री केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केदारपुरी में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उन कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ में यात्रियों की सुविधाओं के दृष्टिगत हर संभव व्यवस्थाएं की जाएं। केदारनाथ धाम में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उन कार्यों से केदारनाथ धाम में दर्शन करने

## ●कार्यों में गुणवत्ता का रखें ध्यानः संधु

आ रहे तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए निर्माण सामग्री को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने तीर्थ पुरोहितों हेतु बनाये जा रहे आवासीय भवनों का निर्माण कार्य को शीर्ष प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी, तीर्थ पुरोहितों के साथ समन्वय कर धाम के विकास कार्यों में और अधिक गति लाएं। मुख्य सचिव द्वारा चिकित्सालय कंट्रोल सेंटर, संगमघाट, मंदिर समिति का प्रशासनिक भवन, आस्थापथ आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। मुख्य सचिव ने केदारनाथ धाम में बनाये जा रहे वाटर एटीएम के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने श्री केदारनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक रूद्रप्रयाग आयुष अग्रवाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह मौजूद थे।

# बाढ़ सुरक्षा के संबंध में प्रस्तावित योजनाओं को शीघ्र पूरा करेंः खंडूड़ी

कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष व कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें बाढ़ सुरक्षा के संबंध में प्रस्तावित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।



आज यहां कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तटीय इलाकों में आगामी मानसून से पहले बाढ़ नियंत्रण के लिए की जाने वाली आवश्यक तैयारियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रस्तावित बाढ़ सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी ली एवं प्रस्तावित योजनाओं पर क्रियान्वयन के लिए त्वरित गति से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटद्वार स्थित अपने निजी आवास पर आयोजित बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने बाढ़ सुरक्षा के संबंध में प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सिंचाई विभाग के एचओडी मुकेश मोहन से भी दूरभाष पर वार्ता कर निर्देश दिए कि बरसात से पहले बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा कार्य शुरू किए जाएं, जिससे जान-माल की हानि की संभावना ना रहे साथ ही प्रस्तावित योजनाओं पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पूछे जाने पर अधिशासी अभियंता ने अवगत किया कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से मालन नदी की बाढ़ सुरक्षा योजना, 40 करोड़ रूपये की लागत से सुखरो नदी पर बाढ़ सुरक्षा एवं चौनेलाइजेशन योजना एवं लगभग 22 करोड रुपए की लागत से खो नदी पर गरास्टगंज पुल से लाल पानी तक बाढ़ सुरक्षा योजना पर जून में टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की बैठक होनी है जिसके पश्चात योजनाओं की स्वीकृति के लिए गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग(जी एफ एफ सी) पटना को प्रेषित की जानी है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 5 करोड रुपए की लागत से बायी खो नहर के पुनरोद्धार योजना एवं 2 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत से सीगडडी नहर के मरम्मत कार्य की योजना नाबार्ड के लिए प्रेषित की गई है। वहीं क्षेत्र में गूलों की मरम्मत, सफाई एवं नवनिर्माण के लिए 13 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री घोषणा के लिए जल्द ही प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से सभी योजनाओं पर त्वरित गति से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, अपर सहायक अभियंता कौशिद अली, अपर सहायक अभियंता किशोर कुमार उपस्थित रहे।




## एक नजर

# टेरर फंडिंग मामले में अलगाववादी नेता यासीन मलिक दोषी करार

नई दिल्ली। दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत ने कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को टेरर फंडिंग मामले में दोषी ठहराया है। गौरतलब है कि इससे पहले अदालत में आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में यासीन ने अपना आरोप स्वीकार किया था। मलिक को उम्र कैद की सजा मिलने की उम्मीद है। अदालत ने कहा कि वह यासीन मलिक को सजा की अवधि तय करने के लिए २५ मई से दलीलों पर सुनवाई शुरू करेगी। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह यासीन मलिक के खिलाफ लगाए गए अपराधों के लिए



सजा की अवधि के संबंध में दलीलें सुनेंगे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपों को स्वीकार किया था। मलिक पर यूएपीए की धारा १६ (आतंकवादी अधिनियम), १७ (आतंकवादी अधिनियम के लिए धन जुटाना), १८ (आतंकवादी कृत्य करने की साजिश), और २० (आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होना) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा १२०-बी (आपराधिक साजिश), धारा १२४-ए (देशद्रोह) के तहत आरोप लगाया गया था।

# एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि

नई दिल्ली। देश में महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी को एक और झटका लगा है। ईंधन के दामों में लगातार जारी बढ़ोतरी के बीच एक बार फिर एलपीजी की कीमतों में इजाफा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में ३.५० रुपए प्रति सिलेंडर और कमर्शियल सिलेंडर के दाम में ८ रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गयी है। बढ़ी हुई कीमतों के बाद राजधानी दिल्ली में अब घरेलू सिलेंडर की कीमत १००३ रुपए हो गई है। वहीं, कोलकाता



में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम १०२६ रुपए पर पुहंच गए हैं। वहीं चेन्नई में घरेलू गैस सिलेंडर के लिए १०१८ रुपए चुकाने होंगे। वहीं कमर्शियल सिलेंडर के दामों में हुए इजाफे के बाद दिल्ली में एक सिलेंडर की कीमत २३५४ रुपए होगी। वहीं, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशरू २४५४ रु, २३०६ रुपए और २५०७ रुपए होंगी। इस महीने दूसरी बार घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़े है। पहली बार ७ मई को ५० रुपये बढ़ाए गए थे और आज भी घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की गई है। ईंधन के दामों में बढ़ोतरी के साथ-साथ देश में रोजमर्रा के जरूरी चीज़ों के भी दाम बढ़ रहे हैं। पूरा देश इस वक़्त महंगाई के बोझ तले दबा हुआ है।

# सुप्रीम कोर्ट ने 22 महीनों से जेल में बंद आजम खान को दी अंतरिम जमानत

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है, दरअसल ८० से अधिक मामलों में २२ महीनों से सीतापुर के जेल में बंद आजम को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। गुरुवार को यानी आज सुप्रीम कोर्ट के अपना फैसला सुनते हुए कहा कि खान की जमानत से जुड़ी शर्तें ट्रायल कोर्ट तय करेगा, सामान्य



जमानत के लिए आजम खान को समुचित और सक्षम अदालत में २ हफ्ते के अंदर अपनी अर्जी देनी होगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सामान्य बेल मिलने की इस पूरी प्रक्रिया के दौरान अंतरिम जमानत का फैसला लागू रहेगा। बता दें कि आजम खान के खिलाफ ८६ मामले दर्ज किये गए थे, जब भी उन्हें कोर्ट से जमानत मिलती तभी उनके खिलाफ कोई नया केस फाइल हो जाता और उन्हें वापस जेल भेज दिया जाता था। इसके बाद सपा नेता आजम खान ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसके बाद कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। बता दें कि मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान असिस्टेंट सॉलिसीटर जनरल राजू ने आजम की जमानत का विरोध किया था, उन्होंने कहा था कि सपा नेता ने यह बयान दिया है कि जिस एसडीएम ने मेरे खिलाफ मामले दर्ज करवाए हैं मैं उसे देख लूंगा।

## उत्तराखण्ड सरकार व भारत पेट्रोलियम के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में होगी प्रगति: धामी




संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार व भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इससे प्रदेश में रिन्यूबल एनर्जी विशेष तौर पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति होगी।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में उत्तराखण्ड सरकार और भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। सीएम आवास मे आयोजित कार्यक्रम में राज्य में नवीकरणीय एवं अन्य परियोजनाओं के विकास और शत प्रतिशत वित्तीय निवेश किये जाने के लिए यह एमओयू किया गया है। उत्तराखण्ड सरकार की ओर से सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुन्दरम और भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से मुख्य महाप्रबंधक नवीनीकरण ऊर्जा शैली अब्राहम व अधिशासी निदेशक अमित गर्ग ने हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्रदेश में रिन्यूबल एनर्जी विशेष तौर पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति होगी। ऊर्जा और पर्यटन राज्य के विकास के दो प्रमुख आधार हैं। प्रदेश में आर्थिक विकास के साथ-साथ उद्योगों और घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा की मांग बढ़ती जा रही है। राज्य सरकार की पूरी कोशिश है कि उत्तराखण्ड ऊर्जा सरप्लस स्टेट बने। इसके लिये सौर ऊर्जा पर भी फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, प्रक्रियाओं के सरलीकरण की है। जितना ज्यादा प्रक्रियाओं को सरल किया जाएगा उतना ही राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश होगा। हमें प्रोफेशनल एप्रोच अपनानी होगी। प्रदेश के विकास के लिये हमें इकोनोमी और इकोलॉजी में संतुलन रखते हुए आगे बढ़ना है। इस दृष्टि से रिन्यूबल एनर्जी बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने बीपीसीएल को राज्य में सौर ऊर्जा में आगे आने के लिये धन्यवाद किया और कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर सम्भव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य की ऊर्जा नीति में जरूरी होने पर सुधार किये जाएं और विशेष तौर पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक संस्थाओं और उद्यमियों को हर सम्भव सहयोग दिया जाए। भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के सीएमडी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड में रिन्यूबल एनर्जी के विकास के लिये बीपीसीएल काम करेगा। संसाधनों और टेलेन्ट की कमी नहीं है। हमें आपसी समन्वय और सहयोग से देश की प्रगति में योगदान देना है। उत्तराखण्ड में पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं को तेजी से पूरा किया गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड श्रीमती राधा रतूड़ी, बीपीसीएल के सी एंड एमडी अरुण कुमार सिंह, निदेशक सुखमल जैन, स्टेट हैड मिहिर जोशी, अपर सचिव श्रीमती रंजना, डॉ इकबाल अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विक्षिप्त महिला से बलात्कार का प्रयास, आरोपी फरार

संवाददाता

देहरादून। विक्षिप्त महिला से बलात्कार का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद मनीष बनवाल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज शाम लगभग 9 बजे एक विक्षिप्त महिला जो अपना नाम पता नहीं बता पा रही है को लेकर गोलू उर्फ आकाश पुत्र आनन्दमणि निवासी मायाकुण्ड ऋषिकेश नावघाट की तरफ से गुजराती आश्रम के बगल वाली गली में हाथ पकड़ कर ला रहा था और इसी दौरान लाइट चली गयी।

कुछ देर बाद वह विक्षिप्त महिला चिल्लाई तो गोलू एकदम से भाग गया इस घटना को मौहल्ले की श्रीमती सुनिता गुप्ता, श्रीमति डिम्पल राणा एवं विवेक आश्रम के विद्यार्थी मनीष, गणेश ने देखा जब यह लोग गोलू के भाग जाने के बाद उक्त महिला के पास गये तो महिला गली में अस्त- व्यस्त हालत में पड़ी हुई थी तथा पजामा खुला हुआ था स्थानीय लोगों द्वारा उसको सुचना दी गयी वहं मौके पर आया तथा मैने भी महिला की अस्त- व्यस्त हालत को सही किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# चंपावत उपचुनाव की तैयारियां पूर्ण: सौजन्या

विशेष संवाददाता

देहरादून। चंपावत उपचुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। यह जानकारी आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या द्वारा दी गई।



## सभी मतदान केंद्रों पर होगी वीडियोग्राफी

उन्होंने बताया कि इस सीट पर 31 मई को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां कर ली गई है। ईवीएम मशीनों की जांच का काम शुरू हो चुका है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होगी तथा हर एक मतदान केंद्र की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि चंपावत विधानसभा की इस सीट को भाजपा के निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी द्वारा इस्तीफा देकर खाली किया गया है। जहां से सीएम पुष्कर सिंह धामी और चुनाव लड़ रहे हैं।

चंपावत उपचुनाव में सीएम धामी सहित कुल 4 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के खिलाफ निर्मला गहतोड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है तथा एक सपा समर्थित और एक निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला मुख्यमंत्री धामी और कांग्रेसी प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी के बीच ही माना जा रहा है। 29 मई को इस सीट पर चुनाव के लिए प्रचार खत्म होगा तथा 31 मई को वोटिंग होनी है। 3 जून को मतगणना होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी आ जाएगा।

मुख्यमंत्री जो खटीमा सीट से चुनाव हारने के बाद मुख्यमंत्री बनाए गए हैं, के लिए यह चुनाव जीतना जरूरी है तभी वह मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। यही कारण है कि भाजपा ने इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। वही कांग्रेस का दावा है कि वह जीतने के लिए चुनाव लड़ रही है। महिला उम्मीदवार पर दांव लगाने वाली कांग्रेस कितनी सफल रहती है यह 3 मई को ही पता चलेगा।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
बी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*